सेटेलाइट हॉस्पिटल चित्तौड़गढ़ का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

15 अगस्त, 2023 को राजस्थान धरोहर प्राधिकरण बोर्ड के अध्यक्ष राज्यमंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत और ज़िला कलक्टर पीयूष समारिया ने चित्तौड़गढ़ ज़िले में सेटेलाइट हॉस्पिटल का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर राज्यमंत्री ने कहा कि चित्तौड़गढ़ में सेटेलाइट हॉस्पिटल की मांग काफी लंबे समय से की जा रही थी, जिसे मुख्यमंत्री ने तुरंत मंजूरी प्रदान की।
- यह सेटेलाइट हॉस्पिटल शहर के लगभग 35 वार्डों को कवर करेगा। इससे सरकारी अस्पताल का भार कम होगा।
- राज्य सरकार ने सेटेलाइट हॉस्पिटल में डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति शुरू कर दी है। शीघ्र ही यहाँ इनडोर सुविधाएँ भी प्रारंभ की जाएगी।
- सेटेलाइट चिकित्सालय परिसर में पुलिस चौकी को भी जल्द शुरू किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-satellite-hospital-chittorgarh